राष्ट्रीय सेवा योजना
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,जौनपुर

Website:www.vbspu.ac.in Email.ID: nssvbspu.jnp@gmail.com

पत्रांकः **30** / पू0वि0वि0 / रा0से0यो0 / 2025–26 दिनांक–04.08.2025

प्रेषक–

डॉ0 राज बहादुर यादव
कार्यक्रम समन्वयक(राष्ट्रीय सेवा योजना),
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर–मो0 नं0–9452981191

सेवा में,

प्राचार्य / कार्यक्रम अधिकारी (राष्ट्रीय सेवा योजना)
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

विषय– **''हर तिरंगा कार्यक्रम–2025''** के सम्बन्ध में ।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या–276 / 2025 / जी0आई0–24 / चार–2025 दिनांक–01.08.2025 तथा संयुक्त सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या–1999 / सत्तर–3–2025 दिनांक–02 अगस्त, 2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से यह अवगत कराय गया है कि हर घर तिरंगा (HGT) अभियान को वर्ष 2022,2023 और 2024 के दौरान, 15 अगस्त को पूरे देश में घरों, कार्यालयों, संस्थानों और सार्वजनिक स्थनों पर प्रमुखता से तिरंगा फहराकर, सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया गया। उक्त क्रम में पूरे देश में दिनांक 02 अगस्त से 15 अगस्त, 2025 की अवधि में तीन चरणों में '' हर घर तिरंगा अभियान 2025'' आयोजित करने का निर्णय लिया है।

उक्त के सम्बन्ध में दिनांक 02 अगस्त से 15 अगस्त, 2025 की अवधि में चरणवार व्यापक जन सहभगिता से उक्त सन्दर्भित पत्र के निर्देशानुसार व्यापक जनहभागिता से '' हर घर तिरंगा '' कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये हैः–

1– प्रथम चरण–(दिनांक 02–08 अगस्त, 2025)–

i. महाविद्यालय / संस्थान की दीवारों और बोर्डों को तिरंगा से प्रेरित कला से सजाना।
ii. संस्कृति मंत्रालय द्वारा प्रदान की गई प्रदर्शनियॉ (वेबसाइट www.harghartiranga.com से डाउनलोड कर उपलब्ध) का प्रदर्शन मुख्य कार्यक्रमों के दौरान एवं शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी भवनों आदि चिन्हित स्थानों पर किया जाना।
iii. महाविद्यालय / संस्थान, सार्वजनिक स्थानों पर तिरंगा रंगोंली प्रतियोगिताओं का आयोजन।
iv. तिरंगा राखी बनाने की कार्यशालाएँ और प्रतियोगिताएँ आयोजित करना तथा सैनिकों और पुलिसकर्मियों को ''आभार पत्र'' लिखकर डाक विभाग के समन्वय से राखियॉ भेजना।
v. सार्वजनिक स्थानों / बाजारो को तिरंगा रंगों का प्रदर्शित करने के लिए तिरंगे धागों युक्त तिरंगा बुनाई और धागे की गतिविधि का आयोजन करना।

II-द्वितीय चरण (दिनांक 09 से 12 अगस्त 2025)

i. **वृहद आयोजन-**

(1) द्वितीय चरण में तिरंगा महोत्सव के रुप में एक बड़ा आयोजन किया जाएगा, जिसमें एक ही दिन वृहद **'तिरंगा मेला'** और **'भव्य तिरंगा म्यूजिकल कॉसर्ट'** आयोजित किया जाना।

(2) प्रदेश स्तरीय **'तिरंगा महोत्सव '** का आयोजन किसी **'प्रमुख स्थल'** पर व्यापक जनभागीदारी के साथ किया जाए। कार्यक्रम का नेतृत्व माननीय राज्यपाल/माननीय मुख्यमंत्री जी करेंगे। इस कार्यक्रम में स्थानीय माननीय विधायकगण, माननीय सांसदगण और अन्य विशिष्ट व्यक्तियों एवं खिलाड़ियों की उपस्थित भी सुनिश्चित की जाएगी।

(3) **' तिरंगा महोत्सव'** आयोजित किए जाने वाले प्रमुख स्थल पर **'तिरंगा मेला'** का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें प्रदेश सरकार के **'ग्रामीण विकास विभाग के स्वयं सहायता समूह'** द्वारा निर्मित उत्पाद तथा 'सूक्ष्य, लघु एवं माध्यम उद्यम विभाग के सहयोग से निर्मित उत्पादों **'स्थानीय उत्पादों'** (ODOP), तिरंगा रंग की थीम वाली वस्तुओं (खाद्य सामग्री/परिधान/वस्त्र,श्रंगार सामग्री आदि) की बिक्री पर केन्द्रित तिरंगा मेला (सरल मेले के समान) का आयोजन किया जाना ।

(4) **'तिरंगा मेला' में तिरंगा प्रदर्शनी'** का प्रदर्शन भी किया जाना।

(5) वेवसाइट www.harghartiranga.com पर सेल्फी अपलोड करने के लिए HGT सेल्फी बूथों' को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाना और उचित ब्रांडिग के साथ सुविधा प्रदान करना।

(6) वीआईपी कार्यक्रम के दिन, व्यापक जनभागीदारी के साथ, प्रसिद्ध और स्थानीय कलाकारों द्वारा देशभक्तिपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ भव्य ' तिरंगा संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया जाना।

ii. **प्रदेश के गृह विभाग/पुलिसकर्मियों, अर्धसैनिकवलों, एन0सी0सी0, एन0एस0एस0, सिविल डिफैन्स, होमगार्ड्स एवं खेल विभाग आदि के सहयोग से 'तिरंगा बाइक रैली और तिरंगा साइकिल रैली' का आयोजन किया जाना ।**

iii. तिरंगा रैलियों /यात्राएँः वृहद तिरंगे कपड़े के साथ तिरंगा रैलियों यात्राओं का आयोजन किया जाना। ये आयोजन सभी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों ब्लॉकों और पंचायतों में आयोजित किए जाएँगे जिनमें महाविद्यालयों बच्चों, युवाओं और समाज के सभी वर्गों के लोगो की भागीदारी सुनिश्चित हो। इस हेतु रिकार्ड बनाने के प्रयास किए जाएं।

iv. तिरंगा और उससे सम्वन्धित वस्तुओं आदि की विक्री को व्यापक रुप से प्रोत्साहित करते हुए स्थानीय बाजारों में सौंदर्यपरक तिरंगा प्रकाश और सजावट किया जाना।

v. प्रदेश में स्वयं सहायता समूहों पी0डी0एस0 दुकानो, खादी भंडारों और स्थानीय बाजार के वस्वालों आदि के माध्यम से तिरंगा की बिक्री और वितरण का प्रबंधन किया जाना।

vi. सूचना विभाग के माध्यम से समस्त विभिन्न प्रकार के माध्यमों से प्रचार–प्रसार की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

III-तृतीय चरण (दिनांक 13 से 15 अगस्त 2025)

दिनांक 13 से 15 अगस्त 2025 के मध्य सभी शासकीय भवनों, शैक्षणिक संस्थानों, होटलों, कार्यालयों, वॉधो, पुलों आदि पर ध्वजारोहण समारोह और तिरंगा प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। नागरिकगण को तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर उसे वेवसाइट www.harghartiranga.com पर अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

अतः इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्य/कार्यक्रम अधिकारी कृपया प्रश्नगत प्रकरण उ0प्र0 शासन द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

संलग्नकःयथोक्त।

भवदीय

डॉ0(राज बहादुर यादव)
कार्यक्रम समन्वयक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव कुलपति जी, मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
2. क्षेत्रीय निदेशक, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मत्रालय, रा0से.यो. क्षेत्रीय निदेशालय, हाल नं.–1, आठवां तल, केन्द्रीय भवन, सेक्टर–एच, अलीगंज, लखनऊ।
3. विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी, उच्चशिक्षा(रा0से0यो0को0)विभाग, उ0प्र0शासन, लखनऊ।
4. वित्त अधिकारी, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर।
5. कुलसचिव, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर।
6. वेव मास्टर को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त् सूचना विश्वविद्यालय की वेवसाइट एन0एस0एस0 पोर्टल पर अपलोड करने का कष्ट करें।

डॉ0(राज बहादुर यादव)
कार्यक्रम समन्वयक